दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-272
मुरादाबाद
22 January 2025
(Wednesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर ट्रंप को दी बधाई



डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें शपथ ग्रहण पर बधाई दी और मिलकर काम करने को लेकर उत्सुकता जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई। मैं एक बार फिर हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। आपके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। ट्रंप ने आज दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में कई पूर्व राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के जज, ट्रंप का पूरा कैबिनेट, उनके परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ तमाम देशों के शीर्ष प्रमुख और कई टेक कंपनियों के दिग्गज भी मौजूद रहे। इससे पहले निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन और जिल बाइडन ने चाय के लिए व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप का स्वागत किया। जयशंकर ने भी किया ट्वीट-इस समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के विशेष दूत के रूप में विदेश मंत्री एस जयशंकर मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी ट्वीट कर ट्रंप का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए बडा सम्मान था। अपने आधिकारिक अकाउंट से जयशंकर ने उद्घाटन समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि आज वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प और उपाध्यक्ष जेडी वेंस के उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है।

## सांसद इमरान मसूद बोले- वक्फ विधेयक जमीनों को हड़पने और देश में अराजकता पैदा करने के लिए है

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 वक्फ की जमीनों को हड़पने और देश में अराजकता का माहौल बनाने के लिए है।वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 पर चर्चा के लिए लखनऊ में हुई संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों की बैठक से बाहर निकले कांग्रेस के सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद ने कहा कि वक्फ बाय यूजर अगर डिलीट कर दिया जाएगा तो क्या बचेगा। यह अधनियम पूरी तरीके से वक्फ की जमीनों को हड़पने और बर्बाद करने की तैयारी है। आज मुसलमान को वक्फ से हटा रहे हो कल दूसरी जगह से हटा दोगे तो क्या होगा? इसका असर जो प्राचीन मंदिर और मठ है उस पर भी पड़ेगा। देश में अराजकता और अफरातफरी का माहौल बनाया जा रहा है। इसमें एक भी पॉइंट मुसलमान के विकास के लिए नहीं है। हमारे बुजुर्ग जिस कब्रिस्तान में दफन हैं उसे वक्फ की संपत्ति नहीं मान रहे हैं। सदियों से जहां नमाज पढ़ रहे हैं उसे मस्जिद मानने को तैयार नहीं है।बता दें कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर मंगलवार को जेपीसी की बैठक हुई। जेपीसी बिल पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों से सुझाव और आपत्तियां ले रही है। बैठक में जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल जेपीसी के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी समेत 11 सदस्य शामिल है। खासतौर पर शिया सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चैयरमैन अली जैदी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना सुफियान निजामी, जमाते इस्लामी, मिली काउंसिल सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी जेपीसी से मुलाकात करने पहुचे हैं।



### संक्षिप्त समाचार



## बुलंदशहर में फैक्टरी में गैस लीक होने से बड़ा हादसा, दो की मौत; एक गंभीर हालत में भर्ती

मृतकों की पहचान मुरादाबाद के अंकुश और गुलावठी के सतेंद्र के तौर पर हुई है। दोनों की दम घुटने से मौत हुई है।यूपी के बुलंदशहर स्थित सिकंदराबाद की बाटैक्स एनर्जीज कंपनी में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां गैस रिसाव होने से दो लोगों की मौत हो गई है, तीसरे व्यक्ति को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक कंपनी में ओपनिंग से पहले ट्रायल चल रहा था। मृतकों की पहचान मुरादाबाद के अंकुश और गुलावठी के सतेंद्र के तौर पर हुई है। दोनों की दम घुटने से मौत हुई है। सूचना के बाद पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे हैं और रेस्क्यू करके सबको बाहर निकाला गया।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लगाई डुबकी, प्रसाद वितरण के बाद अदाणी ने की पूजा-अर्चना



महाकुंभ में अब तक 8.81 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान कर लिया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि 卐यहां की व्यवस्थाएं वाकई बहुत अच्छी हैं, सभी सुविधाएं मौजूद हैं। मैं कई शिविरों में गया। मैं बहुत खुश हूं।अपने बेटे जीत अदाणी की शादी पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी का कहना है, जीत की शादी सात फरवरी को है। हमारी गतिविधियां आम लोगों की तरह हैं। उनकी शादी बेहद साधारण और पूरे पारंपरिक तरीकों से होगी। गौतम अदाणी आगे ने कहा, उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं, यहां की आबादी 27 करोड़ है। अदाणी ग्रुप उत्तर प्रदेश सरकार के विकास कार्यों में योगदान देना जारी रखेगा। हम राज्य में अपने निवेश को अधिकतम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।%अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी का कहना है, %प्रयागराज महाकुंभ में मुझे जो अनुभव हुआ। यहां जो प्रबंधन है, वो वह अद्भुत है। मैं देशवासियों की ओर से पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। यहां जो प्रबंधन है, वह प्रबंधन संस्थानों के लिए शोध का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बड़ा कुछ नहीं है।%प्रयागराज में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि 卐यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो आयोजन हुआ है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। 50 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है, जिसमें से 10 करोड़ लोग पहले ही आ चुके हैं। शायद जनसैलाब का ऐसा नजारा कभी कल्पना या कल्पना में भी नहीं आया होगा। हर व्यक्ति की आस्था उमड़ पड़ी है।卐अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की। गौतम अदाणी ने त्रिवेणी संगम पर %आरती% की।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संगम में डुबकी लगाई और इसके बाद मां गंगा की पूजा की। उनके साथ यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की मौजूद रहे।गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होंगे। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के भी 1 फरवरी को समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। अपने तय कार्यक्रम के अनुसार, 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह महाकुंभ में शामिल होंगे। इस दौरान वे संगम में पवित्र स्नान करेंगे, गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।महाकुंभमेला 2025 में इस्कॉन मंदिर के शिविर में अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी पहुंचे। अदाणी समूह और इस्कॉन ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। महाप्रसाद सेवा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के लिए दी जा रही है।अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपनी पत्नी प्रीति अडानी के साथ इस्कॉन मंदिर के शिविर में लोगों को भोजन वितरित किया। अडानी समूह और इस्कॉन ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। महाप्रसाद सेवा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के लिए दी जा रही है।संगमनगरी में मंगलवार को प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों का जमावड़ा होने जा रहा है। यहां 22 जनवरी को प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक में भाग लेने के लिए कई मंत्री प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इसमें डिप्टी सीएम केशव मौर्य, बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं।वाहन रोके हुए हैं। मेले में आज श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखी जा रही है। उधर, महाकुंभ में आग लगने की घटना के बाद प्रशासन ने एडवाइजरी की है। प्रशासन ने अपील की है कि ज्वलनीशल पदार्थ ना रखें।कवि कुमार विश्वास ने महाकुंभ 2025 पर कहा कि 144 वर्षों में यह संयोग जुड़ा है, यह परम सौभाग्य है... मैं इस गंगा किनारे के लिए कहूंगा कि तपस्वी राम के चरणों चढ़ी उपहार तक आई, हमारी मां हमारे लोक के स्वीकार तक आई। मां ने हमारा प्रणाम स्वीकार किया है यह बड़ी बात है। मैं स्नान करने जा रहा हूं।

## मोदी सरकार विधि आयोग के साथ क्यों बरत रही 'लापरवाही', खासकर UCC के बारे में- कांग्रेस का हमला



विपक्षी दल का यह बयान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि समान नागरिक संहिता ( यूसीसी ) के तहत नियमों को मंजूरी दे दी गई है और राज्य में इसके कार्यान्वयन की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता पर अपनी रिपोर्ट सौंपे बिना ही खत्म हो गया, जबकि उत्तराधिकारी पैनल की वास्तविक संरचना की घोषणा अभी तक नहीं की गई है, और पूछा कि मोदी सरकार ऐसे सम्मानित निकाय के साथ लापरवाही क्यों बरत रही है। विपक्षी दल का यह बयान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि समान नागरिक संहिता ( यूसीसी ) के तहत नियमों को मंजूरी दे दी गई है और राज्य में इसके कार्यान्वयन की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने साधा निशाना- कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार की तरफ से नियुक्त 21वें विधि आयोग ने 31 अगस्त, 2018 को %पारिवारिक कानून में सुधार% पर अपना 182 पन्नों का परामर्श पत्र प्रस्तुत किया था। इस रिपोर्ट में पैरा 1.15 इस प्रकार है- जबकि भारतीय संस्कृति की विविधता का जश्न मनाया जा सकता है और मनाया जाना चाहिए, इस प्रक्रिया में समाज के विशिष्ट समूहों या कमजोर वर्गों को वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस संघर्ष के समाधान का मतलब सभी मतभेदों को खत्म करना नहीं है। उन्होंने आगे कहा, %इसलिए इस आयोग ने समान नागरिक संहिता प्रदान करने के बजाय भेदभावपूर्ण कानूनों से निपटा है जो इस स्तर पर न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय है। अधिकांश देश अब अंतर की मान्यता की ओर बढ़ रहे हैं और अंतर का अस्तित्व मात्र भेदभाव का संकेत नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत लोकतंत्र का संकेत है।% रमेश ने आगे कहा कि फिर 14 जून, 2023 को प्रकाशित एक प्रेस नोट में, भारत के 22वें विधि आयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता की जांच करने के अपने इरादे को अधिसूचित किया। उन्होंने बताया कि प्रेस नोट में स्पष्ट किया गया कि यह कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा भेजे गए संदर्भ पर किया जा रहा है। हालांकि, 22वें विधि आयोग को अंततः समान नागरिक संहिता पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किए बिना 31 अगस्त 2024 को समाप्त कर दिया गया।23वें विधि आयोग की घोषणा 3 सितंबर, 2024 को की गई थी, लेकिन इसकी वास्तविक संरचना की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार विधि आयोग जैसे सम्मानित निकाय के साथ इतना लापरवाह व्यवहार क्यों कर रही है,

खास तौर पर ऐसे संवेदनशील विषय पर? सोमवार को राज्य कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद धामी ने कहा था कि राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। दिसंबर में धामी ने घोषणा की थी कि समान नागरिक संहिता जनवरी में लागू की जाएगी। 23 जनवरी को नगर निगम चुनाव होने हैं और 25 जनवरी को नतीजे आने की उम्मीद है, ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार गणतंत्र दिवस पर समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा कर सकती है।

संपादकीय Editorial

## Elections of freebies

The Delhi Sankalp Patra of BJP also seems to be a collection of freebies. With this, all the major political parties have opened the boxes of freebies. This is the era of freebies. If the average man gets electricity, water, education, health for free. With the 'Ayushman Bharat' scheme, treatment up to Rs 5 lakh (i.e. free up to Rs 10 lakh) is also available for free. If women keep getting Rs 2100 to Rs 2500 per month for free, if the pension of the elderly is also fixed at Rs 2500-3000, pilgrimages are also made free, bus travel and metro travel are also free or halved, in addition to distributing free food grains to more than 81 crore poor people across the country, a scheme of a full meal for Rs 5 is also available, then the very important question is who will work and why? If the number of laborers in the country keeps decreasing, then what will happen to the country's Gross Domestic Product (GDP)? If the demand and consumption of the average person keeps decreasing, then what will be the condition of production and market? How can the economy of a country where most of the population survives on freebies, be 'developed'? Earlier, in any election, in the dark of the night, money was also distributed along with liquor, but now not only money, but even sarees, blankets, sheets, shoes and slippers and gold chains (as is being discussed) are being distributed openly. The code of conduct is being flouted. Everyone is silent and a mute spectator. Is this an election of mandate or is every vote being bought or is democracy itself being sold? This politics of freebies has made the common man a 'beggar'. Two statements of Prime Minister Modi are noteworthy, but are also contradictory. About two years ago, in some election itself, the Prime Minister had said that the culture of freebies will ruin the country. This is very dangerous for the country's economy. The second statement was- 'Rewadi culture is an attempt to fool the public.' The paradox is that the Prime Minister's party BJP is distributing Revdis on the largest scale. The politics of Aam Aadmi Party (AAP) is limited to Delhi and Punjab. Congress has governments in only three states. BJP-NDA governments are in more than 20 states. The question is whether the country should believe the Prime Minister's statement or quietly keep accepting 'freebies'? AAP's national convenor Arvind Kejriwal has considered Revdis as 'God's Prasad'. AAP's arguments are that if Rs 15-16 lakh crore of industrialists can be waived off, then it is also the responsibility of welfare governments to provide some facilities to the common man. There is a lot of freebies in Delhi elections, but no party has announced a phased plan to provide jobs and employment. This trend is currently being seen only in Delhi elections, however, in the elections of other states too, it seems as if bribes are being distributed openly! In Delhi, BJP has also had to declare that if their government comes to power, the welfare schemes of the AAP government will also be continued. They can be made more effective and corruption-free. If BJP wants to continue the schemes of the AAP government, then the question is why should the mandate be given to BJP? Anyway, the country has a debt of about 200 lakh crore rupees. The situation is not clear to the country as to why this loan had to be taken, but a large part of the GDP is spent in repaying the loan. States also have debts ranging from 3 lakh crore to 7.5 lakh crore rupees. A fiscal deficit of Rs 15,881 crore has also been shown in the semi-state of Delhi. In such a country, is it in the national interest to do the politics of freebies and make exaggerated announcements of freebies? It can be clearly said that the country's politics is currently producing freebies. In many countries.

# Expectations and concerns from Trump, policy makers have to be alert

The Indian stock market has started to fall just with the possibility of this. The restriction on immigration may not have much effect on India because the number of illegal immigrants from India is relatively less, but Trump himself and his advisors Muskaramaswamy and Shriram Krishnan are not in favor of imposing restrictions on the visas of professionals going on H1B visa and students going to study. There is an atmosphere of curiosity and apprehension in the whole world including India about the policies of Donald Trump, who is going to become the 47th and oldest President of America. The European Council of Foreign Relations had conducted a survey of citizens of 24 countries through Oxford University, in which people of India, China, West Asia, Brazil, Turkey and South Africa welcomed Trump's return to power. They believed that the Trump administration would prove to be good for their countries and world peace. Trump's highest popularity was seen in India where more than 80 percent of the people considered his return to be good. On the contrary, people of America's friendly countries like Europe, South Korea and Taiwan expressed concern over Trump's return. It can be concluded from the survey that people of America's traditional friendly countries dislike Trump's policy of weighing years-old treaties and alliances on the scale of immediate benefits. In his previous tenure, he has questioned the usefulness of America's greater contribution than other countries in the security of the NATO alliance, South Korea, Japan and Taiwan, and various institutions of the United Nations. He has even demanded its price. Trump considers America's market power to be the biggest weapon of trade and strategic bargaining and keeps threatening to impose import duties. The biggest challenge facing his friends and enemy countries is his dramatic unpredictability, which is a huge risk for policymakers. Now he has added some more new challenges to these. America's loyal NATO friend Denmark is upset that he wants to buy its North Pole island Greenland. Neighboring Canada is worried that he is talking about forcing it to become the 51st state of America if it does not agree to his conditions. The Central American country Panama is afraid that the Chinese, citing the threat, want to snatch away the Panama Canal, which is the main source of income for that country. Trump's billionaire friend Elon Musk has started giving money and media support to far-right parties in countries like Britain and Germany to wipe out socialist politics in Europe. Japan, South Korea and Taiwan are confused about when and how much price will be demanded for their security. Even if that price is paid, there is no guarantee of when and what deal Trump will make with China. India also faces such challenges. Although President Trump sees China as America's biggest economic and strategic challenge. That is why he has appointed Florida's anti-China senator Marco Rubio as the foreign minister and another anti-China senator Michael Walts as the national security advisor in his administration. Incidentally, both of them have been pro-India. Rubio had proposed the India-US military-strategy agreement in the House and Walts has been the chairman of the India Caucus. Therefore, it can be expected from the new Trump administration that it will make India the pivot of its strategy in the Indo-Pacific region and will help India in countering Chinese dominance. This year, India is also to host the Quad summit, in which Trump is also expected to come to India to participate. His visit can prove to be helpful in further strengthening relations. One reason for Trump's popularity in India and other Asian countries can also be his tendency to take decisive decisions. He talks directly on issues like Islamic terrorism, which sometimes solves even complex problems. The ceasefire in Gaza after a year and a quarter of fighting is an example of this. However, the solution to the three-year-long war in Ukraine does not seem that easy. Nevertheless, recent statements by Zelensky and Putin have started indicating a desire to start talks. Trump wants to stop military aid to Ukraine and lift sanctions on Russia so that America can get trade benefits. However, this is possible only when the conquered territory is not demanded back from Russia. Doing so would be like rewarding the attacker. The reality is that without the military help of America, Ukraine and NATO are not capable of surviving and Trump is not in the mood to keep America entangled in other's wars. It is a different matter that he wants to acquire Greenland and Panama Canal by showing his dominance. On the other hand, his policy of economic intimidation can pose a big challenge to the world. The possible duty of 60 percent on Chinese imports and 10 percent on imports from other countries will increase inflation in America as well. The American central bank will have to delay in reducing interest rates, which will reduce investment. If the countries on whose imports duty will be imposed start imposing duty on American goods in retaliation, then a trade war will start. This will increase the possibility of recession in the global economy, which is already sluggish. The Indian stock market has started declining just because of its possibility. The restriction on immigration may not have much effect on India, because illegal immigration from India is increasing. The number of visas is relatively small, but Trump himself and his advisors Musk, Ramaswami and Sriram Krishnan are not in favour of curbing the visas of professionals and students going on H1B visas. At a time when India desperately needs to sell more goods and attract investment to maintain its growth momentum, the threat of import duty and trade war poses a serious challenge.

# Conflict between AAP and Congress in Delhi, Congress getting aggressive for its existence

It is obvious that for its existence, it is necessary for Congress to first take back its vote bank from AAP. Kejriwal also knows that his existence is at the cost of Congress. BJP has its own solid vote bank and committed support base. Therefore, now he has started seeing Congress as his biggest enemy. This is the reason why Congress is also on his target. Congress is raising its voice against Aam Aadmi Party in the Delhi Assembly elections in the same way as it did in 2013. Congress's aggressive stance was there in the 2015 Assembly elections as well, but AAP's storm was such that it swept away both Congress's glorious history and politics together. Congress had to bear the most loss in AAP's storm. Despite this, in the last Lok Sabha elections, Congress supported the same Aam Aadmi Party, whose entire existence is based on opposing it. With the aim of putting a brake on Narendra Modi's unstoppable rise in national politics, a front of opposition parties was formed at the national level in the name of INDIA in 2023. Most of the opposition parties except Telangana's Bharat Rashtra Samiti joined it. Their combined strength did cause some damage to the BJP, but could not weaken it so much that the BJP loses power. Holding Rahul Gandhi responsible for this, Mamata Banerjee was the first to question his leadership. After that, Jammu and Kashmir Chief Minister Omar Abdullah said that 'INDIA was formed for the Lok Sabha elections, so it should be dissolved.' Then Arvind Kejriwal said that 'INDIA is not for Delhi elections.' In a way, he tried to isolate the Congress in the assembly elections. It is true that Congress has suffered losses instead of benefits from Kejriwal's alliance. If Kejriwal's party is in power in Punjab and Delhi today, it is not at the cost of BJP. In both the states, it has not only snatched the place of Congress, but also grabbed its vote bank. In Goa too, Aam Aadmi Party may have got fewer votes, but that too is a part of its vote bank. In Gujarat too, the votes received by AAP are a part of Congress' vote bank. Congress, which came to power in Delhi in 2008, slipped to third place in the very next assembly elections i.e. 2013 by getting 24.6 percent votes. Then in the assembly elections held just two years later, Congress' vote bank reached 9.7 percent and in the 2020 elections, it seemed to have ceased to exist. It got just 4.26 percent votes. Meanwhile, Aam Aadmi Party started looking invincible by getting more than 54 percent votes. First of all, Congress should have been alert at that time. AAP should have been Congress's political enemy number one, but it started hugging it. It seems that Congress has understood that its existence cannot be saved with Kejriwal, that is why it is looking aggressive against AAP in Delhi elections. The liquor scam for which Manish Sisodia and Arvind Kejriwal are on bail was first exposed by Delhi Congress leader Ajay Maken. Maken was about to bring out another fact against Kejriwal a few days ago, but his press conference was cancelled without giving any reason. It is being said that for this Kejriwal called DMK chief MK Stalin and pleaded to stop the Congress. Political parties often have to take such steps due to mutual political cooperation and pressure. Since Congress is a partner in the power in Tamil Nadu, it may have to remain silent, but this does not mean that it will remain silent forever. Rahul Gandhi has already started this in the election rally in Delhi. Rahul said that 'when Sheila Dikshit's government was in Delhi and Kejriwal came, what did he say then. He had promised to eradicate corruption, to make Delhi a Paris, but what is happening. Pollution is increasing so much that it is difficult to go out. Inflation is increasing. Kejriwal had said that he will eradicate corruption. Has Arvind Kejriwal eradicated corruption in Delhi? Just like Modiji does propaganda in the media, makes false promises, Kejriwalji also has the same strategy. There is no difference between the two.' By saying this, Rahul has in a way hit Kejriwal's heart. His promise was to do clean politics, eradicate corruption and make Delhi shine, apart from traditional politics. Rahul has questioned all his three promises. How much Kejriwal is upset by this attack is evident from his counter attack, in which he has said that Rahul's fight is to save Congress and his, i.e. Kejriwal's fight is to save the country. Obviously, for its existence, it is necessary for Congress to first take back its vote bank from AAP. Kejriwal also knows that his existence is at the cost of Congress. BJP has its own solid vote bank and committed support base. Therefore, now he has started seeing Congress as his big enemy. This is the reason why Congress is also on his target. If Congress regains its traditional support base in this battle, then Kejriwal's path to Delhi Assembly will definitely be difficult.AAP should have been Congress's political enemy number one, but it started hugging it. It seems that Congress has understood that its existence cannot be saved with Kejriwal, that is why it is looking aggressive against AAP in Delhi elections. The liquor scam for which Manish Sisodia and Arvind Kejriwal are on bail was first exposed by Delhi Congress leader Ajay Maken. Maken was about to bring out another fact against Kejriwal a few days ago, but his press conference was cancelled without giving any reason.

# महाकुंभ के लिए बसों का पहला बेड़ा रवाना, दिखाई हरी झंडी

## नगर विधायक, सदस्य विधान परिषद और क्षेत्रीय प्रबंधक ने दिखाई हरी झंडी

मुरादाबाद- मंगलवार को महाकुंभ की सेवा को बसों का पहला बेड़ा रवाना हुआ। पीतल नगरी डिपो से नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य राम गोपाल उर्फ गोपाल अंजान और क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने झंडी दिखाकर दो बसों को रवाना किया। इन बसों में यात्रियों की संख्या चार रही। जिसमें राजमती, कुलदीप सिंह समेत कुल चार यात्री प्रयागराज के लिए सवार हुए। उधर, अभी कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह दो बसों को रवाना करेंगे। रोडवेज प्रबंधन ने कुंभ में सेवा देने वाली बसों को सजाया है। बसों को फूलों की मालाओं से सुसज्जित किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि इतनी लंबी दूरी के लिए यात्री कम मिल रहे हैं। यह बसें प्रयागराज पहुंचकर मेला प्रबंधन की निर्देशों के तहत श्रद्धालुओं की सेवा में संचालित होंगी।




# सद्भावना एक्सप्रेस में पकड़ी कछुओं की खेप, महिला भी गिरफ्तार

मुरादाबाद- राजकीय रेल पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता हाथ लगी, जिस वक्त जीआरपी ने सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन में विलुप्त प्रजाति के प्रतिबंधित कछुओं की खेप पकड़ी। इनके साथ एक महिला को भी गिरफ्तार किया है।जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार वशिष्ठ ने बताया कि हरदोई से लुधियाना जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस से एक महिला को 163 विलुप्त प्रजाति के प्रतिबंधित कछुओं के साथ गिरफ्तार किया है। महिला ने अपना नाम रुखसाना और उन्नाव निवासी बताया है। महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।



# बीकनपुर पुल टूटने से दो दर्जन गांवों के ग्रामीण 7 माह से परेशान, क्षेत्र के लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त

## परेशानी -बच्चों का स्कूल आने जाने से लेकर खेती का कार्य हुआ चौपट

मुरादाबाद- मूंढापांडे ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक गांव के लोग बाढ़ से बीकनपुर सहायक नदी का पुल टूटने से पिछले 7 महीने दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल निर्माण

के लिए अब तक कोई प्रक्रिया शुरू पुल निर्माण को लेकर हाथ खड़े कर के निर्माण करने के लिए निर्देश दिया लिए पर्याप्त उपकरण न होने पर पुल वापस सौंप दिया। लेकिन, लोनिवि लोग परेशान हैं। बच्चों को स्कूल पशुओं के चारे लाने में दिक्कत हो खतरा लोग महसूस कर रहे हैं। हुए पुल के बाद बने लकड़ी के पुल है। आसपास बसे दो दर्जन से अधिक होता था। जिसमें गांव गैतोरा, लाला टीकर, बीकनपुर, नाजरपुर को जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। के लिए लकड़ी के पुल को गुजरना कि पुल से बीकनपुर, खरकपुर, कार्य से पुल के उस पार जाना पड़ता होकर 8 से 10 किलोमीटर तक



नहीं की गई है। हालांकि बीच में विभाग ने दिए थे। जिलाधिकारी ने सेतु निगम को पुल था। तीन महीने पहले सेतु निगम ने निर्माण के का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग को की ओर से अब तक काम शुरू न करने से जाने से लेकर ग्रामीणों को खेती के कार्य और रही है। लकड़ी के पुल से गुजरने में जान का बीकनपुर गांव में बाढ़ के बहाव से क्षतिग्रस्त से गुजर रहे ग्रामीणों को जान खतरा बना रहता गांव के लोगों को रोज इसी पुल से आना जाना गोविंदपुर कला, मोहम्मदपुर, दौलतपुर, रसूलपुर, और खरकपुर के अलावा दर्जनों गांव के लोगों ऐसे में लोगों को बच्चों को स्कूल तक भेजने पड़ता है। बीकनपुर गांव के चंद्रप्रकाश ने बताया नाजरपुर गांव के अन्य ग्रामीणों को खेती के है। जिससे ट्रैक्टर लाने ले जाने में दलपतपुर चक्कर काटना पड़ता है। पशुओं के चारा लेने

के लिए मोटरसाइकिल लकड़ी के पुल पर ले जाने पर गिरने का खतरा बना रहता है। रात को आना जाना दलपतपुर पुल से किया जा रहा है। गांव की महिलाओं द्वारा खेती से जुड़े कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार गांव के लोगों ने पुल के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हमारे खेत पुल के उस पार हैं। ऐसे में खेत पर जुताई करने के लिए ट्रैक्टर लाने ले जाने के लिए केवल दलपतपुर पुल ही एकमात्र संसाधन बचा है। इस पुल से रोज सैकड़ों ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता था। - मोहम्मद अकबर, गांव गैतोरा बाढ़ के तेज बहाव से पुल का इस बार अधिक भाग क्षति ग्रस्त हो गया। इससे दो दर्जन गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को भी स्कूल तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।- हरनंदन प्रसाद, सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर

# युवक की ईंट से सिर कुचलकर हत्या, दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने निकला था, सड़क किनारे मिला शव

मुरादाबाद- बिलारी थाना क्षेत्र में पीपली चक गांव में एक युवक की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। युवक की शव लहुलुहान हालत में गांव के पास सड़क किनारे पड़ा मिला है। घटना से पहले

युवक अपने तीन दोस्तों के साथ शराब घटना के बाद से युवक के तीनों दोस्त तीनों पर युवक की हत्या का आरोप कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई है। बिलारी थाना क्षेत्र में किनारे सुनील कुमार ( 25 साल ) शव है। उसका सिर कुचला हुआ था। मृतक ने पुलिस को बताया कि सुनील गांव में के साथ गया था। तीनों रामपुर के सैफनी बैठकर शराब पी थी। इसके बाद वापसी सुनील से किसी बात को लेकर झगड़ा कुचलकर उसकी हत्या कर दी। सोमवार की सूचना पर एसपी देहात सीओ बिलारी मौके पर पहुंचे। देर रात फॉरेंसिक टीम ने जुटाए हैं। जानकारी करने पर महाराम सिंह उन्होंने अपनी बहन अंगूरी देवी की शादी थाना क्षेत्र में जहांगीरपुर गांव निवासी करीब 24 साल पहले सोमपाल की हत्या महाराम सिंह अपनी बहन अंगूरी देवी और गुड़िया को अपने साथ पीपली चक ले





पार्टी करने निकला था। गायब हैं। परिजनों ने इन्हीं लगाया है। पुलिस ने शव दिया है पुलिस मामले की पीपली चक गांव बाहर सड़क लहुलुहान हालत पड़ा मिला सुनील के मामा महाराम सिंह ही रहने वाले अपने तीन दोस्तों में गए थे और तीनों ने वहां में किसी बात पर तीनों का हुआ और उन्होंने पत्थर से सिर रात में सुनील का शव मिलने के साथ पुलिस टीम लेकर भी मौके पर पहुंचकर साक्ष ने पुलिस को बताया कि संभल जिले के कुढ़ फतेहगढ़ सोमपाल के साथ की थी। हो गई थी। इसके बाद उसके दो बच्चों सुनील और आए थे। यहीं पर उन्होंने बहन

के लिए मकान बनवा दिया था। तब से अंगूरी देवी पीपली चक में अपने बेटे और बेटी के साथ रह रही हैं। मृतक सुनील मजदूरी करने का कार्य करता था। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है मां और बहन का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों की तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

# राज्यमंत्री गुलाब देवी की गाड़ी पर युवक ने फेंके पत्थर, महाकुंभ जाने के लिए पहुंची थीं स्टेशन

मुरादाबाद- चंदौसी रेलवे स्टेशन पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी की गाड़ियों पर युवक ने पत्थर फेंके। इससे अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त मंत्री ट्रेन में सवार हो चुकी थीं। आरपीएफ ने युवक को हिरासत में लेकर जीआरपी को सौंप दिया। चंदौसी में सोमवार की रात करीब सवा आठ बजे रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी की दो गाड़ियों समेत तीन गाड़ियों पर एक युवक ने पत्थर फेंके। राज्यमंत्री की एक गाड़ी का अगला शीशा चटक गया।गनीमत रही घटना के वक्त राज्यमंत्री प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन में सवार हो गई थीं। आरपीएफ ने युवक को हिरासत में लेकर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। युवक नशे की हालत में बताया जा रहा है। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया।आरपीएफ के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी सोमवार की रात करीब आठ बजे दो इनोवा गाड़ी से लिंक एक्सप्रेस से प्रयागराज जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंची थीं। उनके साथ दो इनोवा गाड़ी थीं। स्टेशन पहुंचने पर राज्यमंत्री अपने समर्थकों के साथ स्टेशन के अंदर चली गईं।जबकि उनकी दोनों इनोवा गाड़ी स्टेशन परिसर में खड़ी थी। जहां एक अन्य गाड़ी भी खड़ी थी। उसी समय एक युवक वहां पहुंचा और तीनों गाड़ियों पर पत्थर फेंकने लगा। जिससे अफरातफरी मच गई। पता लगने पर आरपीएफ तत्काल मौके पर पहुंची। आरपीएफ ने युवक को हिरासत में ले लिया और जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी युवक को नशे में बता रही है।

# मुरादाबाद एयरपोर्ट के भीतर घुसा तेंदुआ: सुरक्षा प्रबंधों पर उठे सवाल, वन विभाग ने पकड़ा, फिलहाल बंद हैं उड़ान

मुरादाबाद- मूंढापांडे एयरपोर्ट परिसर में तेंदुआ घुसने के बाद सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। वन विभाग ने पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा है। यह घटना 20 दिनों के भीतर दूसरी बार हुई है। इन दिनों एयरपोर्ट से हवाईसेवा बंद है। मूंढापांडे स्थित एयरपोर्ट परिसर में सोमवार को अचानक तेंदुआ घुस गया। वहां मौजूद सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी सचेत हो गए। उन्होंने फौरन वन विभाग की टीम को सूचना दी। वन विभाग ने पिंजरा लगाकर रनवे के पास घूम रहे तेंदुए को पकड़ लिया। इस घटना से एयरपोर्ट के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं। वर्तमान में कोहरे के कारण एयरपोर्ट से उड़ानें रद्द हैं। इसके कारण यात्रियों की आवाजाही नहीं है। निजी कंपनी का स्टाफ भी कहीं और तैनात किया गया है। एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले जवान तैनात हैं। यह घटना पहली बार नहीं हुई है।15-20 दिन पहले भी एयरपोर्ट परिसर में तेंदुआ घुस आया था। उस समय भी वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर उसे पकड़ा था। रनवे पर जंगली जानवरों की आवाजाही आसपास के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि उड़ान शुरू होने पर जंगली जानवर अंदर प्रवेश कर गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।इससे लोगों की सुरक्षा को खतरा है। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम इस पर कोई जवाब नहीं दे रही है। एयरपोर्ट परिसर में जंगली जानवर प्रवेश न करें, इसके लिए बाउंड्री ऊंची की गई थी। गेटों के कई फीट नीचे तक लोहे की ग्रिल लगाई गई थी। एक टीम लगातार रनवे पर निरीक्षण भी करती रहती है। इसके बावजूद जंगली जानवरों का प्रवेश एयरपोर्ट के अंदर नहीं रुक रहा है। यह डीजीसीए के मानकों के भी खिलाफ है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों का कहना है कि जंगल के पास होने के कारण जंगली जानवरों के प्रवेश का खतरा बना रहता है। इसके लिए पुख्ता इंतजाम एयरपोर्ट पर हैं। 10 दिन पहले खेतों में दिखा था 10 दिन पहले एयरपोर्ट के पास तेंदुए को ग्रामीणों ने खेतों में देखा था। वन विभाग के डिप्टी रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट के अंदर दो पिंजरे लगाए गए। इनमें बकरियां बंद कर दी गईं। सोमवार सुबह तेंदुए ने एयरपोर्ट परिसर में दस्तक दी। बकरियों के शिकार के चक्कर में वह पिंजरे में कैद हो गया। रेंजर गिरीश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर टीम उसे लेकर डियर पार्क रवाना हो गई। इस मौके पर डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र कुमार, वन दरोगा राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, बरेली की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम परतासपुर में किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल, ग्राम परतासपुर की ग्राम प्रधान राधा देवी एवं ग्राम प्रधान पुत्र आनन्द एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया । स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना एवं एन0एस0एस0 का स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को एन0एस0एस0 की उपयोगिता बताई व इसे व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को पांच टोलियों में बांटा गया है एवं उनको डायरी एवं निर्देश पुस्तिका भी वितरित की गयी। डॉ. पूजा अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने ग्राम परतासपुर का भ्रमण किया एवं टोलियां बनाकर कर ग्रामीणों को साक्षरता के लिए जागृत किया। टोलियों ने घर-घर जाकर शिक्षा के स्तर की जांच की ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व बताया। स्वयं सेवकों के लघु नाटिका का मंचन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने ग्रामीणो को आश्वासन दिया कि वह अभियान चलाकर स्थानीय समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ सुमितअग्रवाल इंजी. धीरज अग्रवाल ,प्रथमेश कुमार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।




# रक्त कैंसर के खिलाफ CAR T-सेल थेरेपी से बेहतर परिणाम

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- लिंफोमा रक्त कैंसर का एक प्रकार है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली यानी लिंफैटिक सिस्टम को प्रभावित करता है। यह तब होता है जब लिंफोसाइट्स, ( एक प्रकार की वाइट ब्लड सेल ), अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और लिम्फ नोड या शरीर के अन्य भागों में ट्यूमर का निर्माण करती हैं। चिकित्सा अनुसंधान में प्रगति के साथ, प्रारंभिक पहचान और विशेष उपचार से इस रोग को हराना और लंबे समय तक नियंत्रण में रखना संभव है। लिंफोमा को दो प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। हॉजकिन लिंफोमा में रीड-स्ट्रेनबर्ग कोशिकाएं पाई जाती हैं, जो असामान्य प्रकार की लिंफोसाइट्स होती हैं। यह आमतौर पर छाती, गर्दन या कांख में विकसित होता है और कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी तथा इम्यूनोथेरेपी के जरिए प्रभावी ढंग से इलाज संभव है। वहीं, नॉन-हॉजकिन लिंफोमा बी-कोशिकाओं या टी-कोशिकाओं को प्रभावित करता है और इसका स्वरूप तथा उपचार की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न हो सकती है। इस प्रकार के लिंफोमा का उपचार कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, रेडियोथेरेपी और स्टेम सेल प्रत्यारोपण के संयोजन से किया जाता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत में कैंसर केयर/ऑन्कोलॉजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर रयाज़ अहमद ने बताया लिंफोमा का इलाज आधुनिक और पारंपरिक उपचार विधियों का सम्मिश्रण है। कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी तेजी से बढ़ती कैंसर कोशिकाओं को खत्म करती हैं। टार्गेटेड थेरेपी केवल कैंसर कोशिकाओं को निशाना बनाती हैं, जबकि इम्यूनोथेरेपी शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है। स्टेम सेल प्रत्यारोपण क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं से बदलने में सहायक होता है। इसके अलावा, क्लिनिकल ट्रायल के जरिए उन्नत और नई उपचार पद्धतियों का लाभ लिया जा सकता है। ष्टक्रञ्ज-सेल थेरेपी लिंफोमा के उपचार में एक नवीन पद्धति है, जिसमें रोगी की टी-कोशिकाओं को इस तरह संशोधित किया जाता है कि वे लिंफोमा कोशिकाओं को पहचानकर नष्ट कर सकें। यह उपचार उन रोगियों के लिए विशेष रूप से प्रभावी है, जिनमें पारंपरिक इलाज के बाद कैंसर दोबारा उभर आता है। यह थेरेपी अन्य उपचारों के साथ मिलकर और भी बेहतर परिणाम देती है। लिंफोमा के लक्षण अक्सर अन्य बीमारियों के जैसे होते हैं, जिससे इसे पहचानना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसके सामान्य लक्षणों में गर्दन, कांख या कमर में लसीका ग्रंथियों का सूजना, लगातार थकान, बुखार, रात में पसीना आना, बिना वजह वजन घटाना, त्वचा में खुजली या रैश और सांस लेने में कठिनाई या सीने में दर्द शामिल हैं। यदि आप इन लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है। लिंफोमा का समय पर पता लगने और सही उपचार कराने के कई लाभ हैं। इससे रोगियों की जीवित रहने की संभावना बढ़ती है, और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्नत निदान विधियां व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बनाने में मदद करती हैं, जिससे रोगी को बेहतर परिणाम मिलते हैं।



# पुलिस नें किया लेखपाल के पुत्र के अपहरण का खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- थाना बारादरी और भोजीपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक गंभीर अपहरण कांड का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर, अपहृत हरीश कटियार को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो गाड़ियां, 10 मोबाइल फोन, अवैध असलहे और कारतूस भी बरामद किये। जानकारी के अनुसार विगत 19 जनवरी को थाना बारादरी में किरण कटियार ने अपने पति हरीश कटियार के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की और 20 जनवरी की रात करीब 10-40 बजे भोजीपुरा क्षेत्र के मियांपुर गांव में एक घर पर दबिश दी। यहां से हरीश कटियार को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि अपहरणकर्ताओं ने हरीश कटियार को एक कमरे में बंद किया था और उनकी निगरानी मकान मालिक उदित और उमाशंकर कर रहे थे, जबकि खाना उनकी पत्नी लाली द्वारा दिया जा रहा था। आरोपियों ने हरीश के अपहरण के एवज में फिरौती की मांग की थी। हरीश की बरामदगी के बाद पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को पकड़ने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया। 20 जनवरी की रात करीब 11 बजे पुलिस ने घुरसमसपुर रोड पर अपहरणकर्ताओं की गाड़ियों को घेर लिया। घेराबंदी से बचने के प्रयास में आरोपियों ने पुलिस पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में तीन आरोपी अंकित उर्फ विनीत, शाहिद और वीरु उर्फ वीरपाल घायल हो गए। इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। घटनास्थल से पुलिस ने दो गाड़ियां, तीन अवैध तमंचे, 315 बोर के कारतूस और नौ मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने अपहरण की योजना पहले से ही बनाई थी। मुख्य आरोपी अनूप कटियार ने बताया कि वह पहले भी हरीश से पैसे उधार ले चुका था और आर्थिक संकट से जूझते हुए उसने अपने भाई का अपहरण कर फिरौती मांगने की साजिश रची। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले हरीश को चित्रकूट ले जाने का प्लान बनाया था। लेकिन हरीश के इनकार के बाद उसे घर से अगवा कर लिया। उन्होंने अपहरण के बाद हरीश से पेट्रोल के लिए 7,500 रुपये ट्रांसफर कराए और उनका सोना भी लूट लिया। पुलिस ने मुखबिरों की सूचना और तकनीकी मदद से इस सटीक कार्रवाई को अंजाम दिया। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान आरोपियों की मुठभेड़ में गिरफ्तारी से पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।




# दशकों बाद भी नहीं सुधरी गिरधरपुर की बिजली व्यवस्था

## वाह रे बिजली विभाग अधूरे जर्जर तारों को जोड़कर रफूचक्कर हो गया ठेकेदार

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- बिजली विभाग विद्युत सुधार के नाम पर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन धरातल पर काम कुछ नहीं करता है। यही हाल बहेड़ी के गांव गिरधरपुर में उनके सुधार कार्यक्रमों का है। हाल ये है कि बिजली विभाग के अधिकारी समेत विभाग के ठेकेदारों का भी कारनामा उनसे ज़्यादा गज़ब का है। विभाग की ओर से पहले लाइन खींचकर कनेक्शन दिए गए। उसके बाद जब बिजली व्यवस्था सुचारू हुई तो बिजली के तार जर्जर हो गए। जो तार बचे थे वो हवा के झोंके से टूट कर जमीन पर गिर गए। लिहाजा आधे गांव में पोलों पर केबल तक मयस्सर नहीं है। गांव में लगे बिजली के पोल और तार पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। ग्रामीणों ने जर्जर हो चुके तारों और पोल बदलवाने के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई। इतना ही नहीं एसडीएम के आदेश पर शुरू हुए कार्य को बिजली विभाग का ठेकेदार प्रशासन को चकमा देकर अधूरा कार्य छोड़कर रफूचक्कर हो गया। बावजूद इसके गिरधरपुर में समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है। काम कराने वाला ठेकेदार अब बिजली विभाग की मिली भगत से अधूरे पड़े कार्य का भुगतान कराने की फिराक में लगा है। दरअसल, जिले की तहसील बहेड़ी के गांव गिरधरपुर में दशकों से बिजली व्यवस्था खराब चल रही है। गांव के लोगों ने खराब पड़ी बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए कई मर्तबा अधिकारियों व बिजली विभाग के अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपे, मगर समस्या का समाधान नहीं हो सका। समस्या का समाधान न होने पर ग्रामीणों ने मजबूर होकर गांव में चन्दा इकट्ठा करके अपनी-अपनी केबल डायरेक्ट ट्रांसफार्मर से जोड़ ली। जिससे गलियों में तारों के झुंड जमा हो गए, अक्सर गलियों में लटके तारों में फाल्ट होने लगे, इन तारों के चपेट में आने से कई जानवरों की मौत हो चुकी है। बीते वर्ष के अक्टूबर माह में समाचार पत्रों को माध्यम से जब यह मामला एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव के सामने आया तो उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को तुरंत समस्या का समाधान करने के लिए आदेश दिए थे। जिसके बाद एसडीएम के निर्देश पर जेई अरविंद कुमार ने उसी दिन खराब पड़ी बिजली व्यवस्था का निरीक्षण किया था, और गांव के लोगों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव के मामले में दखल के बाद बिजली विभाग ने आनन-फानन में अगले ही दिन कार्य शुरू कर दिया था। ग्रामीणों को लग रहा था कि दशकों से झेल रहे खराब व्यवस्था से अब छुटकारा मिल जायेगा, ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। मगर बिजली विभाग व उसके ठेकेदार द्वारा जल्दी-जल्दी में काम निपटा दिया गया। बताया जाता है कि ठेकेदार ने गांव में मानक के अनुसार कार्य नहीं किया है। ग्रामीणों के अनुसार कई जगह जहां पर पहले से ही पोल व केबल पड़ी हुई है, जो पूरी तरह से जर्जर है, वहां पर ठेकेदार ने नई केबल नहीं डाली है। कई जगह पोल झुके हुए हैं जो कभी भी गिर सकते हैं, उसको भी ठेकेदार द्वारा नहीं बदला गया। जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। अब फिर ग्रामीणों ने गांव में अधूरे पड़े बिजली के कार्य को कराने की मांग की है। वहीं इस मामले में एक्सईएन चमन प्रकाश का कहना है कि जहां पर खराब तार है या नंगा तार है, उसको बदलवा दिया जाएगा। अधिकारी रोज करते रहे निरीक्षण पर नहीं दिखे झुके हुए पोल - गांव में जहां पोल लगने थे, वहां पोल नहीं लगाये गये। इसीलिए केबल किसी के दरवाजे पर तो किसी की छत पर डाली गई है। बताया जाता है कि जब गांव में बिजली सुधार का कार्य हो रहा था तो उस समय रोजाना बिजली विभाग के अधिकारी, इंजीनियर व सुपरवाइजर कार्य का निरीक्षण करने पहुंचते रहे, मगर किसी को भी जर्जर केबल, झुके हुए पोल जो कभी भी हादसे का सबब बन सकते हैं, उनपर किसी की नजर नहीं पड़ी, या उन्होंने जानबूझकर नजर अंदाज कर दिया गया, और जल्दी-जल्दी में ठेकेदार से काम निपटवा दिया गया, इसकी जांच होनी चाहिए। अधिकारियों ने एक जनवरी के बाद काम कराने का दिया था आश्वासन - बिजली विभाग के अधिकारियों ने गांव गिरधरपुर में अधूरे पड़े कार्य को कराने के लिए एक जनवरी के बाद कराने का आश्वासन दिया था, बीते साल के दिसंबर माह में एक्सईएन चमन प्रकाश ने कहा था कि अभी नोटिस चल रहा है, एक-दो दिन व्यस्त रहेंगे। उन्होंने कहा था कि एक जनवरी के बाद विभाग के जेई, लाइनमैन और कम्पनी के सुपरवाइजर को गांव में भेजकर पुरानी व जर्जर लाइन का सर्वे कराकर उसको बदलवा दिया जायेगा। मगर आज तक गांव में बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी गांव में सर्वे करने नहीं आया है। बिजली विभाग का यह दावा भी खोखला साबित हुआ।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### बाल्मीकि बस्ती में डाक्टर सुषमा गोंडीयाल का हुआ स्वागत -सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।जाटवपुरा बाल्मीकि बस्ती में हुआ डॉक्टर सुषमा गोंडीयाल का भव्य स्वागत आज बरेली जाटव पुरा बाल्मीकि बस्ती में डॉक्टर सुषमा गोंडी ,एल याला पत्नी एडवोकेट आकाश पुष्कर समाजसेवी का केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य नामित होकर बरेली लौटने पर भव्य स्वागत सम्मान किया गया यह कार्यक्रम युवा नेता बंटी सिंह के नेतृत्व में सफल हुआ जिसमें वाल्मीकि समाज के समस्त समाज से भी उपस्थित रहे। सभी ने फूल माला हुआ ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया इस अवसर पर मनोज थापड़ियाल, बंटी सिंह, गौरव राजपूत ,सतीश ऋषिपाल ,अजय चौहान, सुरेंद्र लाला, रोहित राकेश, अंकित वाल्मीकि, बसु राज वाल्मीकि, पार्षद गरिमा कमांडो तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील फरीदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस ( तहसील दिवस ) का आयोजन हुआ। जहां जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, राशन, विद्युत, अवैध कब्जा, पुलिस, चकबंदी, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास विभाग आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता गंगाराम पुत्र दीपचन्द्र निवासी ग्राम सुकटिया सिंघावारी ने बताया कि ग्राम में अम्बेडकर पार्क की खाली जगह में गांव के कुछ लोगों ने कूड़ा व नाली का गंदा पानी आदि डालते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत भुता को जांच कर सम्बंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता नीलम पुत्री स्व0 दयाराम ग्राम तराखास ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अक्टूबर 2023 में आवेदन किया था, बीमार होने के कारण वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सम्मिलित नहीं हो सकीं। प्रार्थिनी को वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सम्मिलित होना चाहती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को नियमानुसार सम्मिलित कराने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील फरीदपुर क्षेत्र से आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करी और संबंधित अधिकारियों को अधिक शिकायत वाले गांव का भ्रमण कर शिकायत का शत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस पर जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाए उससे फोन पर वार्ता भी की जाए कि निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट है या नहीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन गांवों में गलत मीटर रीडिंग की शिकायत अधिक आ रही हैं उन गांवों में जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। तहसील फरीदपुर के कुछ ग्रामों में किसानों के फार्मर आईडी कम बन रहे है, जिस पर संबंधित लेखपालों को निर्देश दिए गए कि जो गांव पोर्टल पर नहीं दिख रहे हैं उनकी सूची बना कर उपलब्ध कराई जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, एसपी दक्षिण अंशिका वर्मा, उपजिलाधिकारी फरीदपुर गुलाब चंद्र अग्रहरि सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शामली कलेक्ट्रेट के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में



आज सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिये साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिये। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायती राज विभाग,कार्यक्रम विभाग, एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा विभाग के अलावा छात्रवृत्ति में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की प्रगति खराब पाई गई। जिसके लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी से काम करने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ उनके आवंटित प्लाटों के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन- जिन विभागों को प्लाट आवंटित है वह विभाग अपने-अपने विभाग से अनुमोदित ड्राइंग प्राप्त करते हुए लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दे ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू किए जाने हेतु भी विभागों को निर्देशित किया।आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी न्यायिक/जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार,जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का जिला स्तरीय वृहद कार्यशाला का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, शामली जैस्मिन ने बताया कि आज को आई0टी0आई0, लिसाढ-शामली में ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना''का जिला स्तरीय वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन राजेन्द्र कुमार, अपर सांख्यकीय अधिकारी एवं प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, जिला समन्वयक सी0एस0सी0 से सुभाषचन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संयोजक राजेन्द्र कुमार, अपर सांख्यकीय अधिकारी द्वारा कार्यशाला की रूप-रेखा पर गहनतापूर्वक विचार प्रस्तुत किये गये।इस अवसर पर जनपद के राजकीय आई0टी0आई0 संस्थान एवं जिला समन्वयक सी0एस0सी0 से सहयोग की अपील की गयी तथा नये उद्योग स्थापित करने वाले युवाओं को उनका मार्ग-दर्शन किया गया। रवि गुप्ता, जिला समन्वयक सी0एस0सी0 द्वारा कार्यशाला का संचालन किया गया। उक्त कार्यशाला में समाधान समिति लखनऊ से आये विविध विषय विशेषज्ञ सुभाष चन्द्र, रवि गुप्ता, राजू साहनी एवं अन्य द्वारा उपस्थित तकनीकी प्रशिक्षार्थी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की रूप-रेखा, आवेदन की प्रक्रिया तकनीकी ज्ञान तथा परियोजना रिपोर्ट मार्किटिंग, रॉमैटिरियल आदि के सन्दर्भ में पी0पी0टी0 तथा विडियों के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रस्तुति के साथ जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला में जनपद शामली से आये विविध ट्रेडों के लगभग 200 तकनीकी प्रशिक्षाथियों ने पंजीकरण कराया। मुख्यमंत्री युवा (ङ्घङ्क) योजना (मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान) YUVA-YUVA UDYAMI VIKAS ABHIYAN बिना ब्याज के ऋण योजना-रू 5.0 लाख तक (प्रथम बार) योजना के प्रपत्र-फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पास बुक की कापी, कक्षा-8 पास सर्टिफिकेट, आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है ।वेबसाइट -www.msme.up.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन, ऋण के अलावा 10 प्रतिशत सब्सिडी भी मिलेगी। कार्यशाला को सफल बनाने में राजकीय आई0 टी0आई0 लिसाढ के फोरमैन शिव चरण, राज कुमार, विजय कुमार, जिला उद्योग केन्द्र के कार्मिकों द्वारा भी अहम भूमिका निभाई गयी।

# महायज्ञ में पहुंचीं , जिला पंचायत सदस्य, ब्राह्मणों अंगवस्त्र भेंट किए

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। भंडसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के



विश्राम एवं मंगलवार को हुए महायज्ञ में जिला पंचायत सदस्य किरन पटेल ने पहुंच कर वेदव्यास गद्दी पर विराजमान गुरु भगवान अमित आनंद जी महाराज एवं उनकी पूरी साधक ब्राह्मण मंडली को शाल उड़ाकर सम्मानित किया ।भंडारे का प्रसाद गृहण किया। इस दौरान हिन्दू जागरण मंच के हिमांशु पटेल,पूर्व प्रधान चंद्रपाल पटेल , फौजी सुधीर सिंह,बाबू सिंह,चौधरी सत्यवीर सिंह , पप्पू फौजी, चंद्रपाल कश्यप, संतोष पटेल, संजय शर्मा, सबिता शर्मा, अंशू पंडित , सुमित पंडित , महिपाल चौधरी, सुखलाल कश्यप , रामपाल पटेल , राजीव पटेल , जितेंद्र पटेल , कैप्टन श्याम सिंह पटेल , सचिन पटेल भजन लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# STF के साथ मुठभेड़ में मुस्तफा कग्गा गैंग का कुख्यात सदस्य अरशद ढेर

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शामली- - बीती रात 20-21 जनवरी की मध्य रात्रि में जनपद शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एसटीएफ ( मेरठ टीम ) और कुख्यात मुस्तफा कग्गा गैंग के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में गैंग का प्रमुख सदस्य अरशद समेत चार अपराधी मारे गए।



मुठभेड़ में अरशद के साथ मंजीत, सतीश और एक अज्ञात साथी भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि अरशद पर ?1 लाख का इनाम घोषित था और वह सहारनपुर के बेहट थाने में दर्ज डकैती के एक मामले में वांछित था। अरशद पुत्र जमील, निवासी बड़ी माजरा, थाना गंगोह, सहारनपुर, पर डकैती, हत्या और लूट जैसे संगीन अपराधों के करीब 17 मामले दर्ज थे। वह लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। सहारनपुर और आस-पास के जिलों में उसकी सक्रियता ने पुलिस को चुनौती दी थी। उसके खिलाफ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और हरियाणा के पनपत में विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज थे, जिनमें 302 ( हत्या ), 395 ( डकैती ), 397 ( आर्म्ड डकैती ), और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल थे। एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि अरशद अपने साथियों के साथ झिंझाना थाना क्षेत्र से गुजरने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी की और उन्हें रोकने की कोशिश की। अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। करीब आधे घंटे तक चली इस मुठभेड़ में अरशद और उसके तीन साथी घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर सुनील को कई गोलियां लगीं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें पहले करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में बेहतर इलाज के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया गया। अरशद पर सहारनपुर, शामली और अन्य जिलों में 17 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे। अरशद का नाम कई जिलों के अपराध रिकॉर्ड में सबसे ऊपर था।एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अरशद जैसे खतरनाक अपराधी का खात्मा कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि यह मुठभेड़ उत्तर प्रदेश सरकार की अपराध मुक्त प्रदेश बनाने की नीति का हिस्सा है। अरशद की मौत के साथ ही मुस्तफा कग्गा गैंग को एक बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब अन्य वांछित अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

# पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच-मनीष मित्तल

शामली कैराना प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में



तहसील कैराना के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिये ।आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के समक्ष फरियादियों द्वारा 19 शिक़ायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 04 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव, सीएमओ डॉक्टर अनिल कुमार, डीएफओ जगदेव सिंह, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द,सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।इसके अलावा तहसील शामली में तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलदार के समक्ष 30 शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों में 03 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम के समक्ष 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 01 शिकायत का निस्तारण किया गया। ओर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसभी संबंधित मोजूद रहें। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# 44 साल पहले गलत तरीके से नगर पंचायत की भूमि के आवेदन को निरस्त करने वाले एडीएम के आदेश कोई चुनौती देने वाली याचिका खरीद

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शामली थाना भवन इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा नगर पंचायत थाना भवन जिला शामली के अधिवक्ता श्री अनुराग त्रिपाठी की प्रभावी पैरवी के चलते 44 साल पहले गलत तरीके से नगर पंचायत की भूमि के आवंटन को निरस्त करने वाले ष्ठरू के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की गई द्ध याचिकाकर्ता ठाकुर जगत सिंह के अधिवक्ता ने लम्बी बहस के बाद याचिका को वापस लिया। परिणाम स्वरूप रिट याचिका हुई खारिज । नगर पंचायत की लगभग 20 करोड़ की संपत्ति पर हाई कोर्ट की मोहर लग गई।याची ठाकुर जगत सिंह का कहना था कि 1981 में खसरा नंबर 202 का एलॉटमेंट ब्रज भूषण लाल के पक्ष में तत्कालीन टाऊन एरिया कमिटी के प्रस्ताव पर प्रभारी अधिकारी द्वारा लघु उद्योग धंधे के लिए किया गया था जिसका नाम बाद में संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज हो गया था।

ब्रज भूषण लाल का नाम रेवेन्यू रिकॉर्ड में दर्ज होने पर उन्होंने ठाकुर जगत सिंह को 2005 में एग्रीमेंट टू सेल कर दिया लेकिन बाद में रजिस्ट्री करने से मुकर गए, किंतु उसका कब्जा आज भी ठाकुर जगत सिंह के पास है। इसी दौरान दिनांक 13.12.2024 को ब्रज भूषण लाल के नाम अलॉटेड इसी भूमि का एलॉटमेंट नगर पंचायत थानाभवन के द्वारा यूपी जमींदारी उन्मूलन रूल्स के रूल 115पी के तहत दाखिल केस में एडीएम न्यायालय ने निरस्त कर दिया और भूमि नगर पंचायत के नाम फिर से कर दिया। जिसको चुनौती देते हुए ठाकुर जगत सिंह ने रिट किया था कि मेरा ब्रज भूषण लाल से एग्रीमेंट टू सेल हुआ है और कब्जा मेरा है इसलिए पट्टे के 44 साल बाद अलॉटमेट निरस्त होने से याची प्रभावित हो गया है, इसलिए एडीएम कोर्ट का आदेश दिनांक 13.12.2024 निरस्त किए जाने योग्य है। इस पर नगर पंचायत के अधिवक्ता अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ठाकुर जगत सिंह का मात्र एग्रीमेंट टू सेल के आधार पर रिट करने का अधिकार नहीं बनता।

क्योंकि मात्र एग्रीमेंट टू सेल होने से कोई व्यक्ति किसी भूमि का स्वामी नहीं हो जाता। खसरा नंबर 202 ब्रज भूषण लाल को अलॉट हुआ था लेकिन लघु उद्योग धंधे की स्थापना न होने से वो एलॉटमेंट स्वत= निरस्त होने योग्य था । इसलिए नगर पंचायत ने एडीएम के यहां केस किया और अलॉटमेंट निरस्त हो गया। अधिवक्ता अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि अलॉटी ब्रज भूषण लाल का नाम रेवेन्यू रिकॉर्ड में गलत तरीके से संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज ही गया क्योंकि सम्बंधित कानून अलॉटेड व्यक्ति को कभी भी ओनरशिप ट्रांसफर करने का अधिकार नहीं देता इसलिए ब्रज भूषण लाल द्वारा एग्रीमेंट टू सेल अवैधानिक है। अतः ठाकुर जगत सिंह की रिट खारिज होने योग्य है। लंबी बहस होने बाद याची के अधिवक्ता रिट याचिका की पोषणीयता के बारे कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर सके और अंत में रिट याचिका को वापस लेने का अनुरोध किया जिससे रिट याचिका वापस लेने के साथ ही खारिज हो गई और नगर पंचायत थाना भवन जिला शामली के अधिकार क्षेत्र में पुनः संपत्ति वापस आ गई। नगर पंचायत थाना भवन के अधिशासी अधिकारी श्री जितेंद्र कुमार और एडीएम श्री संतोष कुमार सिंह के निष्पक्ष प्रयासों की प्रशंसा पूरे शामली में हो रही है।

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना ,क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9077776991

## संक्षिप्त समाचार

### शकुन्तला देवी मैमोरियल प्राइजमनी टी-20 प्रीमियर क्रिकेट लीग 23 से

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब रजि0 के तत्वाधान में छठी बरेली प्रीमियर प्राइजमनी टी-20 क्रिकेट लीग शकुन्तला देवी



की स्मृति का आयोजन 23 जनवरी से 30 जनवरी तक निशांत पटेल स्पोट्'स स्टेडियम डोहरा रोड में किया जायेगा। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुनील सक्सेना व सचिव प्रशांत रायजादा ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता में राज्य भर से बारह टीमों का प्रवेश दिया गया है जिसमें मुरादाबाद, हरियाणा, दिल्ली, शाहजहांपुर, पीलीभीत के अलावा स्थानीय टीमें प्रतिभाग करेंगी प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट आधार खेली जायेगी। विजेता टीम को एक लाख व उप विजेता को 50 हजार प्राइजमनी व ट्राफी दी जायेगी वहीं प्रत्येक मैन ऑफ द मेच व ब्लेयर ऑफ द टूनमिन्ट दिया जायेगा। आयोजकों ने बताया कि विगत वर्षों में खेले गये टूर्नामेटों में समीर रिजवी जिन्हें आईपीएल-24 के लिये चेन्नई सुपर किंग में 8 करोड़ 40 लाख में लिया खेलकर गये है, वहीं आर्यन जुयाल, शिवम शर्मा, शिवा सिंह, अनूप अहलावत व भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज मो0 शमी के भाई मो0 कैफ के साथ-साथ तमाम रणजी स्तर के खिलाड़ी शिरकत करते रहे है। खिलाड़ियों को कलर किट आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। वार्ता के दौरान क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी जितेन्द्र यादव, संजय सक्सेना, ओपी कोहली, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहें।

### स्मार्ट पुलिसिंग के लिए एडीजी ने बनाया एआई पीआरओ जारविस

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली। मैं एडीजी का एआई पीआरओ सब इंस्पेक्टर जारविस बोल रहा हूं। हादसों और चालान से बचने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर लगाएं।% बरेली में स्मार्ट सिटी के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जल्द ही आपको यह आवाज सुनाई देगी। स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को जागरूक करने के लिए एडीजी रमित शर्मा ने खुद ही एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ) पीआरओ ( पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ) बनाया है। उसे सब इंस्पेक्टर की रैंक के साथ ही जारविस नाम दिया गया है। पुलिस विभाग प्रदेश में यह काम पहली बार करने का दावा कर रहा है। वह स्मार्ट सिटी के कैमरों के जरिये जुड़कर लोगों को वीडियो और ऑडियो मेसेज भेजेगा। एडीजी ने सोमवार को विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर यह जानकारी साझा की है। लोग इसे हाथोंहाथ ले रहे हैं। एक्स पर पोस्ट किए गए 33 सेकंड के वीडियो में जारविस खुद अपना परिचय दे रहा है। जारविस ने पहली पोस्ट डालकर अपने काम की शुरुआत कर दी है। उसने 33 सेकंड के वीडियो में बताया है कि हाल ही में एडीजी जोन की ओर से इन्फॉर्मेशन डिसऑर्डर ( सूचना विकार ) पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। इससे संबंधित लिंक वीडियो के साथ नीचे दिए गए हैं। आठ लिंक में संबंधित विषय के बारे में काफी रोचक जानकारी दी गई है। इंजीनियरिंग से है पुराना जुड़ाव- एडीजी रमित शर्मा 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह हापुड़ के निवासी हैं और प्रदेश के कई जिलों व महानगरों में तैनात रहे हैं। वह आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं। तकनीक को लेकर वह हमेशा जागरूक रहते हैं। एआई तकनीक को पुलिसिंग में इस्तेमाल करने के पक्षधर हैं और इसी सोच को साकार करने के लिए उन्होंने यह प्रयोग किया है। बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि विभिन्न मीडिया व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये पुलिस जन जागरूकता के प्रयास करती रहती है। एआई तकनीक से डिजिटल पीआरओ बनाकर भी इन्हीं चीजों का प्रसारण किया जाएगा। जाहिर है कि इससे नई पीढ़ी को जागरूक करने में मदद मिलेगी। महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन कराने वाले कार्यक्रमों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# जिला सहकारी बैंक कर्मियों ने चौपाल के माध्यम से किसानों को किया जागरुक

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- नाबार्ड के वित्तीय एवं डिजीटल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सहकारी बैंक द्वारा गांव में चौपाल लगाकर गीत संगीत के माध्यम से लोगों जागरूक किया गया। साधन सहकारी समिति



माल्हीपुर खुर्द के सचिव राजेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया की किसान सहकारी समितियों का सदस्य बनकर खाद, बीज, कीटनाशक दवा सहित अन्य वस्तुए कम दाम पर ले सकते हैं। तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना, तथा नैनो यूरिया का कैसे उपयोग करे इसके बारे में विस्तृत रूप विकास खंड जमुनहा क्षेत्र अंतर्गत बी पैक्स जमुनहा भवनियापुर में जिला सहकारी, तथा साईं गांव चौराहा पर बैंक द्वारा जादू नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के तहत किसान, मजदूर व ग्रामीणों को सहूलियत व कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत उपस्थित जन समूह को जागरूकता की पाठ पढ़ाई गई। योजनाओ की सही जानकारी न होने पर आम लोग उसके लाभ से वंचित रहते है बैंक से नाता जोड़ों कार्यक्रम के तहत बैंक में खाता खोलने, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज दर पर कृषि ऋण लेने, शिक्षा ऋण लेने, पशु पालन, व्यापार के लिए ऋण लेने सहित अन्य प्रकार के ऋण लेने से संबंधित, जिसका खाता बैंक में खुला है या नया खाता खोलने पर बैंक दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा का लाभ देता है। जिला सहकारी बैंक राजगढ़ के शाखा प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया । इस कार्यक्रम में मैजिक आफ लोक बाराबंकी शहरयार जादूगर ने जादू के माध्यम से लोगों को जागरूक किया वही खाद लेने वाले किसानों को भी दुर्घटना बीमा का लाभ दिया जाता है। इस कार्यक्रम में साधन सहकारी समिति मल्हीपुर खुर्द के सचिव राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा व बी पैक्स जमुनहा भवनियापुर सचिव प्रदोष सिंह, सहयोगी/कर्मचारी सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के इरादे से रेलवे ट्रेक पर बैठी एक लड़की को सकुशल बचाया

क्यूँ न लिखूँ सच

एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिलाओ ,बुजुर्ग व बच्चियों के लिए किये जा रहे सशक्तिकरण कार्यक्रम के फलस्वरुप एक लड़की जो अपने भाई की बीमारी से मृत्यु के बाद विलाप व दुख के कारण व्यथित होकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रही थी,जिसकी सूचना थाना सिविल लाइन पर महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने पर मौके पर जाकर हे0का0 921 शान्ति गुप्ता द्वारा सकुशल बचा लिया गया है थाना सिविल लाइन पर महिला हेल्पडेस्क पर तात्कालिक सूचना मिली कि एक लड़की चित्रांश नगर रेलवे फाटक के पास आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रेक पर बैठी है इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 श्री चमन गिरि, का0 1730 सोविन्द्र, म0हे0का0 921 शान्ति गुप्ता व हो0गा0 2328 रेखा मौके पर पहुचे तो एक लडकी जो काफी जोर जोर से रो रही थी जिससे नाम पता पूछा जा रहा था लेकिन वह बहुत ही विलाप कर रही थी उसको समझाया बुझाया गया तथा उससे आत्महत्या करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि मेरे भाई मुन्नालाल की बीमारी के कारण मृत्यु हो गयी थी उसी के शोक में मैं भी मरना चाहती हूं जब मेरा भाई चला गया तो अब मैं क्या करूगी इसी पर मैं सुबह घर से रेल से आत्महत्या करने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुची तो कोई ट्रेन नही आयी तो मैं ट्रेक पर पैदल पैदल उझानी की तरफ चल दी और एक जगह ट्रेक पर ही बैठ गयी तथा रेल आने का इन्तजार कर रही थी। इसके पश्चात उपरोक्त पुलिस कर्मियो उ0नि0 श्री चमन गिरि,म0 हे0का0 921 शान्ति गुप्ता,का0 1730 सोविन्द्र व हो0गा0 2328 रेखा द्वारा तत्काल लड़की को लेकर उसके गांव पहुचे तो गांव में उसके भाई मुन्नालाल के अन्तिम संस्कार की तैयारी चल रही थी जिसमें गांव के व्यक्ति व रिश्तेदार मौजूद थे थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा लड़की को उसके परिवारीजन को सकुशल सुपुर्द करने पर उपस्थित जन समूह ने थाना पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई ।

# पीथमपुर में जहरीला कचरा ना जले इसको रोकने के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर में मातृशक्ति परिषद की बालिकाओं द्वारा पीथमपुर में भोपाल का जहरीला कचरा के विरोध में राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखा। जिनमे यूनियन कार्बाड जहरीला कचरा जलाने जा रहा है ।



337 टन जहरीला कचरा पिथमपुर में जलाने के लिए लाया गया। जिससे बच्चो का भविष्य संकट में है ।2015 के बाद से हमारे क्षेत्र में कैंसर जैसे भयानक बीमारी के मरीजो की संख्या बड़ी है। डर से हमारे क्षेत्र में दो वक्त की रोटी कमाने वाले मजदूर भी वापस जा रहे । किसानों की फसल पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है ।पानी मैं भी दुष्प्रभाव पडा हैं। जिसकी वजह से अनेकों लोग बीमार पड़ रहे हैं ।और तो और इस कचरे का दुष्प्रभाव पशुओं पर भी पड़ रहा है ।महोदय आपसे निवेदन है कि भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में न जले , पूरी दुनिया में यह कचरा नहीं जलाया जा रहा है। पीथमपुर में क्यों जलाया जा रहा है ।क्या हमारी जान की कोई कीमत नहीं ।राष्ट्रपति महोदय इस कचरे को पीथमपुर में जलने से रोकने की कृपा करें।

# हरदत नगर गिरंट-बभनपुरवा मार्ग क्षतिग्रस्त

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती विकास क्षेत्र जमुनहा के नानपारा गिरंट मार्ग से ग्राम चमारनपुरवा होते हुए बभनपुरवा तक दो दशक पूर्व में बनी मंडी परिषद की सड़क इन दिनों क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। जबकि बभनपुरवा



प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोक सभा तथा विधानसभा से लेकर ग्राम पंचायत चुनाव के लिए यहां हर पांच वर्षों पर पोलिंग स्टेशन भी बनता चला आ रहा है। बभनपुरवा तथा चमारनपुरवा गांव मेन सड़क पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिसके चलते लोगों को कीचड़ जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। निरंतर क्षेत्र के श्रावस्ती लोक निर्माण विभाग एवं मंडी परिषद गोंडा से सड़क की मरम्मत कार्य कराने की मांग कर चुके है किंतु सड़क का मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है जिसके चलते लोगों उजड़े सड़क के बिखरे पत्थरों पर चलना पड़ रहा है। जबकि इस मार्ग पर सैकड़ों लोगों का आना जाना रहता है। आज भी बभनपुरवा, पसियनपुरवा, बरगदही, लम्बुइया, छेदी पुरवा, मंशा पुरवा, रामपुर बस्ती, नेवादा जमादार, परसोहनी, पिपरहवा, बादल पुरवा गांव के लोगों को गिरंट बाजार सहित अन्य स्थानों तक आने जाने के इस मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने इस सड़क को बनवाने की मांग श्रावस्ती जिलाधिकारी से की है।

# बालापुर गांव में नवनिर्मित जच्चा बच्चा केन्द्र का फीता काटकर किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। जमुनहा विकास खण्ड अंतर्गत बालापुर गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार तिवारी ने प्रसव केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह केंद्र



ग्रामीण महिलाओं और नवजात बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के के लिए एक एक महत्वपूर्ण कदम है। उ?द्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई सम्मानित जनों और ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रसव केंद्र के शुरू होने से अब बालापुर और आसपास के गांवों की महिलाओं को प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने की जरूरत नहीं होगी। इस केंद्र में सीएचओ रश्मि द्विवेदी, एएनएम संगीता देवी और आशा संगिनी के सहयोग से प्रसव संबंधी सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. अवनीश कुमार तिवारी ने कहा कि प्रसव केंद्र का उ?द्घाटन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इससे महिलाओं को घर के पास ही सुरक्षित प्रसव सेवाएं मिलेंगी, जो मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायक होंगी। वहीं डॉ. अवनीश तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर बालापुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका रजिस्टर और अन्य कागजात की जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी दस्तावेज सही पाए गए। उन्होंने कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. दिवाकर सिंह, नेत्र परीक्षण अधिकारी सुनील मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष भीम सिंह, बालापुर प्रधान प्रतिनिधि मगन बिहारी वर्मा, लालबोझा प्रधान गुरुदेव वर्मा, पूर्व प्रधान तीरथ राम यादव और अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# लेखपाल के तीन बार नोटिस भेजने के बावजूद भी नहीं खाली हुई शमशान घाट की जमीन

क्यूँ न लिखूँ सच-भूपेंद्र तिवारी

बहराइच जिले के कैसरगंज तहसील क्षेत्र के बरखुरदुरापुर में स्थित गाटा संख्या 105 जो कि शमशान दर्ज कागजात है। जिस पर आक्रमणकारियों के द्वारा अपने अतिक्रमण के रूप में पक्का निर्माण कर




लिए जाने के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने एक सम्मानित समाचारपत्र द्वारा आयोजित प्रश्न पहर कार्यक्रम के तहत वर्तमान जिलाधिकारी से शिकायत की थी जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला अधिकारी बहराइच मोनिका रानी ने उक्त शमशान की भूमि की जांच करवाई ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई जिसके परिपेक्ष्य में तहसील प्रशासन द्वारा स्थानीय लेखपाल के माध्यम से तीन बार नोटिस इस अवैध कब्जे दारों को दिए जा चुकी है परंतु अतिक्रमणकारियों से उक्त शमशान भूमि अतिक्रमण मुक्त न होने की स्थिति में सोमवार के दिन पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल ज्वॉइन मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद से मिलकर उन्हें प्रकरण से अवगत कराते हुए कहा कि उपरोक्त भूमि के संबंध में तहसीलदार न्यायालय से बेदखली के आदेश के उपरांत 3 नोटिस तहसील प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण कारियों दी जा चुकी है इसके बावजूद भी अतिक्रमणकारी अपना अतिक्रमण स्वयं से नहीं हटा रहे हैं मालूम हो कि मामले को तत्काल संज्ञान लेते हुए जॉइन मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद द्वारा तहसीलदार को बेदखली की कार्रवाई लिए आदेशित किया है

## संक्षिप्त समाचार

# श्रावस्ती में ओवरलोडिंग से गन्ना लदा ट्रक पलटा- चालक ने कूदकर बचाई जान

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती के इकौना थाना क्षेत्र में मदारा चौकी के पास एक और सड़क हादसा सामने आया है। गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक तेज रफ्तार के कारण सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। मौके पर कोई अन्य व्यक्ति नहीं होने के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई। नेशनल हाईवे 730 पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग मुख्य कारण बन रहे हैं। यातायात विभाग की टीम स्पीडोमीटर के माध्यम से वाहनों की गति पर नजर रख रही है और नियम तोड़ने वालों का चालान काट रही है। फिर भी गन्ना लदे ट्रक नियमों की अवहेलना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे कुछ दिन पहले जगतजीत इंटर कॉलेज के सामने भी एक ऐसा ही हादसा हुआ था। स्कूल की छुट्टी होने से महज 5 मिनट पहले एक ओवरलोड गन्ना ट्रक पलट गया था। अगर यह हादसा स्कूल की छुट्टी के समय हुआ होता, तो यह एक बड़ी त्रासदी में बदल सकता था। ऐसे मे यातायात विभाग और पुलिस को ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।क्योंकि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई से ही इस तरह के हादसों पर रोक लगाई जा सकती है।

# 25 जनवरी को मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच

जिला निर्वाचन अधिकारी निधि वास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जनवरी 2025 को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा तथा डायट स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम स्थल पर दायित्वों का विभाजन किया है तथा नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर कल्पना जायसवाल, नायब तहसीलदार कादरचौक एच0एस0बोनाल, डिप्टी कलेक्टर नम्रता सिंह तथा तहसीलदार बदायूँ को दायित्व सौंपते हुए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रात: 09.30 से 10.00 बजे तक राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभातफेरी का शुभारम्भ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बदायूँ के मुख्य द्वार से अपने निर्धारित रूट पर जाकर एवं प्रभातफेरी में सम्मिलित छात्र-छात्राएँ कार्यक्रम स्थल पर आकर पण्डाल में अपना स्थान ग्रहण करेगें। प्रभातफेरी के उपरान्त प्रात: 10 बजे सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन हेतु दीपक, तेल, वाती प्रतिमा की व्यवस्था व फूल, माला एवं बुके आदि की व्यवस्था कर स्वागत कार्यक्रम करायेगें। प्रात: 10:30 बजे से 11 बजे तक मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार मंच का संचालन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम 11 बजे करवाने की व्यवस्था करेगें। पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 01.00 तक मतदाता जागरूकता सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्व तैयारी कराकर मंच पर मंच संचालक के साथ समन्वय स्थापित कर छात्र-छात्राओं से प्रस्तुतिकरण एवं आवश्यक संगीत के आवश्यक उपकरण तबला, हारमोनियम आदि की व्यवस्था कर कार्यक्रम करायेंगें। अपरान्ह 01 बजे से 01:30 तक मतदाता जागरूकत्ता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्र-छात्रायें, युवा वोटर, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी0एल0ओ0, थर्ड जेण्डर, वृद्ध, दिव्यांग मतदाताओं की सूची सदर तहसील से प्राप्त कर व कार्यक्रम स्थल पर ससमय आमन्त्रित कर प्रशस्ति पत्र सम्बन्धित का नाम अंकित कर एवं मोमेंटो से सम्मान करायेंगे।

# थाना दातागंज पुलिस ने 02 अभियुक्तों को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच

एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के आदेशानुसार चलाये जा




रहे अभियान के अन्तर्गत न पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी दातागंज के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दातागंज पुलिस के द्वारा चैकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति के आधार पर आज को 02 अभि0 -1. दीपेन्द्र सिंह पुत्र मुनेन्द्र पाल सिंह नि0 ग्राम सराय पिपरिया थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ को 215 ग्राम अफीम व 2. अचल पाल पुत्र जुगेन्द्र पाल नि0 ग्राम सराय पिपरिया थाना मूसाझाग जनपद बदायूँ को मय 303 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना दातागंज पर मु0अ0सं0 29/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर उपरोक्त दोनों अभि0गण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

# Lose weight fast by saying goodbye to these 5 white things, problems related to digestion will also go away

Obesity has become a serious problem today. People adopt many methods (Weight Loss Tips) to control it, but do you know that some white things play a big role in increasing your weight. Yes, these things not only cause weight gain but also high blood sugar. Let's know about 5 such white things from which it is better to stay away. Everyone is trying to lose weight fast. People sweat a lot in the gym for weight loss. Some white things should be excluded from the diet in the weight loss journey. Everyone wants to stay healthy, but many times we get away from our fitness goals due to wrong eating habits. Do you know that some white things present in your kitchen not only spoil the weight loss journey, but also become the reason for problems related to digestion. Yes, this is true. Today we are going to tell you which 5 white things (Foods To Avoid For Weight Loss) by removing them from your diet, you can lose weight fast and live a healthy and fit life. Stay away from these 5 white things for weight loss White rice White rice has very little fiber, due to which it is digested quickly and increases the blood sugar level rapidly. Apart from this, white rice also does not contain many nutrients. Therefore, to lose weight, you should remove white rice from your diet and include whole grains like brown rice, barley or quinoa. White bread White bread contains refined flour, which is a refined carbohydrate. Eating refined flour increases blood sugar level rapidly and also increases insulin level, which increases the risk of weight gain. Apart from this, refined flour lacks fiber, which makes you feel hungry quickly. Therefore, to lose weight, you should remove white bread from your diet and replace it with whole grain bread or oats.White SugarWhite sugar is very high in calories and does not contain any nutrients. Eating white sugar increases the risk of weight gain as well as diabetes, heart disease and other health problems. Therefore, to lose weight, you should remove white sugar from your diet and consume honey, jaggery or fruits.White FlourWhite flour is also a refined carbohydrate like refined flour. Eating white flour increases blood sugar levels rapidly and also increases insulin levels, which increases the risk of weight gain. Apart from this, white flour lacks fiber, which makes you feel hungry quickly. Therefore, to lose weight, you should remove food items made from white flour from your diet and include foods made from whole grain flour. White SaltWhite salt contains very high amounts of sodium. Intake of high amounts of sodium can increase blood pressure and also increases the risk of heart disease. Apart from this, consuming too much sodium causes water retention in the body, which can lead to weight gain. Therefore, to lose weight, you should also reduce the intake of white salt and instead you can use sea salt or rock salt.



# From lunch to dinner, dry garlic chutney will add a unique taste to every dish; the recipe is easy

Chutney is such a flavor of Indian kitchen that makes every dish special. Today we will tell you a special way to make dry garlic chutney, after trying which you can add a new flavor to every dish from lunch to dinner. Let's know this easy recipe which can be prepared quickly. Dry garlic chutney can be eaten with dal, rice, paratha, anything. This chutney is very easy to make and does not take much time. This chutney lasts for a long time and can also be easily stored. Are you also worried about lunch or dinner every day? Finding new recipes every day can be a tiring task, especially for working people, but don't worry, because we have brought a solution for you that will make your everyday food even more delicious and unique. You can make dry garlic chutney once and use it for many days. It is not only tasty but it also takes very less time to make. This chutney can enhance the taste of your paratha, roti, rice and many dishes even more. Let's know its easy recipe (Dry Garlic Chutney Recipe). Ingredients for making dry garlic chutney Garlic cloves - 2 cups (peeled) Peanuts - 1/2 cup- Dry red chillies - 4-5 (or according to taste) Asafoetida - 1/4 teaspoon Fenugreek seeds - 1/2 teaspoon Coriander powder - 1 teaspoon Turmeric powder - 1/2 teaspoon Salt - according to taste Oil - 2-3 tablespoons Method of making dry garlic chutney First of all heat oil in a non-stick pan. Add garlic cloves and fry till golden. Take care that the garlic does not burn. In the same pan, add peanuts, dry red chillies, asafoetida and fenugreek seeds and fry lightly. When the spices start giving out fragrance, turn off the flame. Put the roasted garlic and spices in the mixer. Add coriander powder, turmeric powder and salt and grind coarsely. Keep in mind that the mixture should not be too fine. Your dry garlic chutney is ready. Store it in an airtight container in the fridge. Special Tips- If you like to eat more spicy food, then you can increase the amount of dry red chilies. You can also add a little dry mango powder to it. You can also eat this chutney mixed with curd. This chutney tastes very good with pakodas, samosas, vada pav etc. Dry garlic chutney is also beneficial for health. Garlic has plenty of antioxidant, antibacterial and antifungal properties which protect the body from many types of diseases. Let's know what health benefits can be obtained by making it a part of the diet. The element called allicin present in garlic strengthens immunity. It helps the body fight infections and protects against seasonal diseases. Garlic helps in controlling blood pressure and reduces the risk of heart disease. It keeps blood vessels healthy and prevents blood clots. Garlic activates digestion enzymes and improves the digestive system. It provides relief from problems like constipation, acidity and gas. Garlic has anti-inflammatory properties that reduce inflammation and redness of the skin. It helps in removing acne and blemishes.



# If you get angry repeatedly on the mischief of children, then keep yourself calm with the help of these tips

It is most important for parents to have patience in raising children. Therefore, first of all understand their age, feelings and needs. Calm yourself by taking a deep breath and adopt positive thinking instead of anger. Talk to children lovingly and listen to them carefully. With the help of some such tips (Parenting Tips), you can raise children better. Scolding children repeatedly can have a deep impact on their mind. For proper upbringing, it is important for parents to maintain patience. By doing this, children will understand your point in a better way. Raising children is an art in which parents should have very important qualities like patience and restraint. From small children to adolescence, the behavior and needs of children keep changing at every age. In such a situation, while spending time with them, parents often have such moments when they may feel angry or disappointed at the behavior of their own child. But maintaining patience during these times is not only important for the mental and emotional development of children, but it also strengthens the relationship between you and them. Here are some tips for such times, which will help in maintaining patience while staying with children. Understand the age of children and their needs- Children's behavior depends on their age and development level. If your child is stubborn or making a mistake, then first try to understand the reason for it. This will enable you to give the right reaction. Keep your thinking positive- Consider children's mistakes as a part of their learning. Instead of getting angry, try to explain them in the right way. Your positive reaction will motivate them more. - Take deep breaths and stay calm. If you are feeling angry in any situation, take a deep breath and try to stay calm for some time. This will help you see the situation with a cool mind. Way of conversation- Use loving and easy language while talking to children. Avoid threatening or shouting, as it can affect children's confidence. Make rules and routine- Set a regular routine and rules for children. This will discipline their behavior and you will not need to be strict again and again. Identify the reason behind anger- Many times our anger is the result of our fatigue or stress rather than the behavior of children. So control your emotions and get out of the situation. Listen to children and understand their feelings- It is very important to listen to children. When they express their feelings, take them seriously. This makes them feel that their words are important. Give time to yourself too- Take some time for yourself in a stressful situation. During this time you can calm down and handle the situation better. Take care of yourself- The health and mental state of parents play a big role in the upbringing of children. Yoga, meditation, and giving time to your interests keeps you calm and positive. Motivate children- Instead of punishing them for mistakes, explain to children what can be learned from their mistake. Adopt a motivating method so that they can move in the right direction. Patience can become the biggest strength of parents. This not only helps in developing the personality of children but also maintains a loving and positive atmosphere in your family.



